Statement

(Rs. in crores/Potential in Thousand Hectare)

	Latest Estimated Cost	Cumulative likely expenditure upto March 1988	Ultimate Potential	Anticipated achievement upto 1987-88
	1	2	3	4
I. *ANDHRA PRADESH*				
1. Major Projects (15 no.)	5173·10	2087·35	2457 53	1148·48
2. Medium Projects (45 no)	592·22	264·65	273·11	101·80
II. *TAMIL NADU*				
1. Major Projects (3 no.)	153.90	137·93	179·60	158·95
2. Medium Projects (14 no.)	115·33	89·19	41·26	33·90
3. Modernisation Schemes (3 no.)	27·65	4·89	1·86	1·86

राजस्थान में भारतीय प्रशासनिक सेवा भारतीय पुलिस सेवा में महिला अधिकारी

2805. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय राजस्थान को आबंटित भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के संवर्गों में कुल कितनी महिला अधिकारी है ;

(ख) राजस्थान संवर्ग मे संबंधित ऐसे अधिकारियों की कुल संख्या कितनी है ;

(ग) क्या उपर्युक्त संवर्गों में यह चयन राजस्थान में महिलाओं की कुल संख्या के आधार पर किया जाता है ; और

(घ) यदि हा, तो इस सबध मे ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) भारतीय प्रशासनिक सेवा के राजस्थान संवर्ग में 23 महिला अधिकारी है । भारतीय पुलिस सेवा के राजस्थान संवर्ग में कोई महिला अधिकारी नही है ।

(ख) उनमे से 5 अधिकारी राजस्थान राज्य से संबंधित है ।

(ग) जी नही ।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता ।

राजस्थान सरकार द्वारा स्वीकृति हेतु केन्द्रीय सरकार को भेजी गई परियोजनाएं

2806. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान राजस्थान सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार को स्वीकृति हेतु भेजी गई परियोजनाओं के नाम क्या है ;

(ख) अब तक कितनी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा उसका ब्यौरा क्या है ; और